University in News on 14 March 2020

AMAR UJALA-MY CITY

लविवि में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू हो गी। विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रवेश समिति की बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया गया। विवि प्रशासन ने इसके साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तारीख और प्रवेश परीक्षा की तारीख भी घोषित कर दी है। आवेदन फॉर्म विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से 16 मार्च को शाम पांच बजे से भरे जा सकेंगे।

लविवि में स्नातक की साढ़े तीन हजार और परास्नातक की करीब साढ़े चार हजार सीट के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही बीएलएड, यूजी मैनेजमेंट, बीपीएड-एमपीएड और एमएड का प्रवेश कार्यक्रम जारी किया गया है। लविवि में दाखिले की जिम्मेदारी एक बार फिर से प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्रा को दी गई है। बैठक में एलएलबी पांच वर्षीय, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम, बीसीए, बीवोक, बीएससी मैथ, बीएससी बायो, बीवीए-एमवीए पांच वर्षीय, बीएलएड, एमएड, एमबीए की प्रवेश काउंसलिंग पिछली बार की तरह ऑनलाइन कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ ही दो कॉलेज के प्राचार्य और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रवेश समिति की बैठक में तय किया गया आवेदन का कार्यक्रम

जानिए, किस विषय के लिए कब करना है आवेदन

विषय	यूजी	यूजी-मैनेजमेंट	बीएलएड	पीजी	बीपीएड-एमपीएड	एमएड
ऑनलाइन आवेदन	16 मार्च	16 मार्च	16 मार्च	16 मार्च	16 मार्च	16 मार्च
अंतिम तारीख	10 अप्रैल	10 अप्रैल	10 अप्रैल	25 अप्रैल	15 मई	15 मई
विलंब शुल्क के साथ	15 अप्रैल	15 अप्रैल	15 अप्रैल	30 अप्रैल	20 मई	20 मई
प्रवेश पत्र जारी	22 अप्रैल	20 अप्रैल	20 अप्रैल	01 मई	25 मई	25 मई
प्रवेश परीक्षा	28 अप्रैल से 8 मई	28 अप्रैल से 8 मई	28 अप्रैल से 8 मई	20 मई से 30 मई	3 जून से 15 जून	3 जून से 15 जून

आवेदन फीस

कार्यक्रम	सामान्य/ओबीसी सामान्य-विलंब शुल्क	एससी/एसटी सामान्य-विलंब शुल्क
स्नातक	800-1800	400-1400
यूजी मैनेजमेंट	1000-2000	500-1500
परास्नातक	1000-2000	500-1500
बीएलएड	1600-2600	800-1800
बीपीएड-एमपीएड	1600-2600	800-1800
एमएड	1600-2600	800-1800
सर्टिफिकेट	500-500	500-500

लविवि ने स्थगित की कक्षाएं पर तय समय से होंगी परीक्षाएं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में होने वाली सभी कक्षाएं 22 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। हालांकि 16 मार्च से प्रस्तावित स्नातक की वार्षिक परीक्षा तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षा अपने पूर्व निर्धारित समय के हिसाब से होंगी। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया।

कोरोना के खतरे को देखते हुए विवि ने जारी किया आदेश

कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह की ओर से जारी इस आदेश में कहा गया है कि कक्षाएं स्थगित हैं लेकिन सभी कार्यालय पहले की तरह सामान्य रूप से काम करेंगे। यह आदेश लविवि के साथ ही सहयुक्त कॉलेजों के लिए भी जारी किया गया है। लविवि की वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से शुरू हो रही हैं। 16 मार्च से ही लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा भी प्रस्तावित हैं। विवि प्रशासन ने काफी विचार करने के बाद सिर्फ कक्षाएं स्थगित करने का फैसला किया है। परीक्षा और प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लविवि ने अपने आदेश में एक जगह ज्यादा लोगों के जमा होने से भी मनाही की है।

लविवि में पहली बार स्काइप पर होगा पीएचडी वाइवा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को पहली बार स्काइप के जरिये पीएचडी वाइवा होगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पहले ही विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए तकनीक के इस्तेमाल की बात कही थी। फिजिक्स की विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन ने जब इसका प्रस्ताव दिया तो इसकी अनुमति दे दी गई। विभाग की छात्रा कर्णिका श्रीवास्तव का पीएचडी वाइवा सोमवार को स्काइप पर लिया जाएगा।

फिजिक्स विभाग को मिली अनुमति

विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग में सोमवार को शोधार्थी कर्णिका वाइवा होना था। वाइवा लेने के लिए मुंबई के टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के प्रो. गणेश प्रभू को आना था। देश में कोरोना वायरस की समस्या को देखते हुए उन्होंने यात्रा करने मे असमर्थता जताई। कुलपति ने पीएचडी से संबंधित मामलों में तेजी लाने के लिए पहले ही स्काइप और ईमेल का उपयोग करने की बात कही थी। कुलपति ने सहमति दे दी। विभागाध्यक्ष के साथ ही चार शिक्षक और शोधार्थी स्काइप के माध्यम से वाइवा में शामिल होंगे।

पीएचडी मूल्यांकन में ईमेल का सहारा लेने की तैयारी : कुलपति ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद 21 जनवरी को पीएचडी विद्यार्थियों से बातचीत कई योजनाओं पर काम करने की बात कही थी। इन योजनाओं में समय की बचत करने के लिए पीएचडी वाइवा स्काइप पर करने के साथ ही उनका मूल्यांकन ईमेल पर भेजकर कराने की बात कही गई थी।

DAINIK JAGRAN

लविवि में यूजी–पीजी में दाखिला 16 से

दस अप्रैल तक यूजी, मैनेजमेंट व बीएलएड कोर्स में दाखिले के लिए होगा आवेदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2020-21 में अंडर ग्रेजुएट (यूजी) व पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी), एमएड, एमपीएड, बीपीएड समेत सभी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। विवि में 16 मार्च से यूजी-पीजी समेत सभी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के बाद अभ्यर्थियों को विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सभी कोर्स में दाखिले की प्रक्रिया नौ जुलाई तक पूरी करनी होगी। ताकि 10 जुलाई से नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो सके।

यूजी में 16 मार्च से आवेदन : यूजी में बीए, बीए ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम रेगुलर, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस, एलएलबी पांच वर्षीय, बीएससी मैथ्स ग्रुप, बीएससी बायो ग्रुप, बीवीए-बीएफए, बीवोक रेन्यूएबल एनर्जी, बीसीए और डिप्लोमा इन फाइन आर्ट्स कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होगी। यूजी मैनेजमेंट के अंतर्गत बीबीए, बीबीए आइबी, बीबीए एमएस, बीबीए पर्यटन और एमबीए पांच वर्षीय व बीएलएड में दाखिले के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। लेट फीस के साथ 15 अप्रैल तक आवेदन करने का मौका दिया जाएगा। यूजी में 10 अप्रैल के बाद 1000 रुपये लेट फीस के 15 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकते हैं। 22 अप्रैल को प्रवेश पत्र जारी होंगे। 28 अप्रैल से आठ मई तक इन कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। पीजी कोर्स के साथ ही बीपीएड-एमपीएड और एमएड के ऑनलाइन आवेदन भी 16 मार्च से शुरू होंगे। इन कोर्स में आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख अलग-अलग निर्धारित की गई है। पीजी कोर्स में बिना लेट फीस के साथ 25 अप्रैल तक आवेदन होंगे। वहीं लेट फीस के साथ 30 अप्रैल तक आवेदन होंगे। एक मई को प्रवेश पत्र जारी होंगे। पीजी कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 20 मई से 30 मई के बीच होगी। बीपीएड, एमपीएड व एमएड कोर्स में आवेदन की प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होगी। बिना लेट फीस के साथ 15 मई तक आवेदन होंगे जबकि लेट फीस के साथ 20 मई तक आवेदन लिए जाएंगे। वहीं 25 मई को प्रवेश पत्र जारी होंगे। इन कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 3 जून से 15 जून के बीच होगी। नए सत्र में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही पीजी स्तर पर दो कोर्स बंद करने का निर्णय लिया गया है। एमएससी स्तर पर एमएससी इन इलेक्ट्रॉनिक्स व एमएससी इन टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट कोर्स में इस साल दाखिले नहीं होंगे।

सभी विश्वविद्यालयों में स्थगित रहेंगी कक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय सहित राजधानी के सभी विश्वविद्यालयों ने अपने यहां कक्षाएं स्थगित कर दी हैं। विवि में शिक्षण से इतर अन्य काम ही होंगे। इस संबंध में सभी विवि ने अपनी एडवाइजरी जारी कर दी है। लविवि में 16 मार्च से यूजी तृतीय वर्ष के सभी कोर्सों की परीक्षाएं समय पर कराने का निर्णय लिया है। वहीं पीएचडी प्रवेश परीक्षा भी पूर्व निर्धारित समय पर होगी। सभी विभागों में कक्षाएं स्थगित रहेंगी, जबकि शिक्षक और कर्मचारी अपने निर्धारित समय पर विवि आएंगे। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 22 मार्च तक यूनिवर्सिटी में किसी तरह का कोई भी कार्यक्रम, सेमिनार नहीं होंगे। परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी। शताब्दी वर्ष के आयोजनों को भी अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

प्रोग्राम जनरल कैटेगरी फीस एससी-एसटी कैटेगरी फीस

प्रोग्राम	जनरल कैटेगरी फीस	एससी-एसटी कैटेगरी फीस
यूजी	800	400
पीजी	1000	500
यूजी मैनेजमेंट	1000	500
बीएलएड	1600	800
बीपीएड-एमपीएड	1600	800
एमएड	1600	800
सर्टिफिकेट कोर्स	500	500

नोट : निर्धारित तिथि के बाद एक हजार रुपये लेट फीस देना होगा। केवल सर्टिफिकेट कोर्स में नहीं होगा लागू।

NBT

16 मार्च से आवेदन, 9 जुलाई तक दाखिले

कोरोना का नहीं दिखा असर

एलयू में यूजी-पीजी समेत कई कोर्सों में ऐडमिशन के लिए प्रस्तावित शेड्यूल जारी

■ एनबीटी, लखनऊ: कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जहां एक तरफ सभी कॉलेज और स्कूल 22 मार्च तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) के यूजी और पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए होने वाले आवेदन से लेकर एंट्रेंस एग्जाम की तारीख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सत्र 2020-21 में यूजी, पीजी, एमएड, एमपीएड, बीपीएड सहित सभी कोर्सों में दाखिले के लिए शुक्रवार को प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया गया। प्रस्तावित शेड्यूल के मुताबिक, 16 मार्च से यूजी-पीजी सहित सभी कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन शुरू होंगे। 9 जुलाई तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जबकि 10 जुलाई से नया शैक्षिक सत्र चलेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रवेश समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

यूजी: 28 अप्रैल से 8 मई तक होंगे एंट्रेंस एग्जाम

यूजी रेगुलर और यूजी मैनेजमेंट कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होकर 10 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, ₹1000 लेट फीस के साथ 15 अप्रैल तक आवेदन का मौका मिलेगा। 22 अप्रैल को प्रवेश पत्र जारी होंगे, जबकि 28 अप्रैल से 8 मई तक एंट्रेंस एग्जाम होंगे।

ये हैं कोर्स यूजी रेगुलर में बीए, बीए ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम रेगुलर, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस, एलएलबी 5 वर्षीय, बीएससी मैथ ग्रुप, बीएससी बायो ग्रुप, बीवीए-बीएफए, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी, बीसीए, डिप्लोमा इन फाइन आर्ट्स और यूजी मैनेजमेंट में बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस, बीबीए पर्यटन, एमबीए 5 वर्षीय, बीएलएड शामिल हैं।

पीजी: एंट्रेंस एग्जाम 20 मई से

पीजी कोर्सेज के अलावा बीपीएड, एमपीएड और एमएड के ऑनलाइन आवेदन भी 16 मार्च से शुरू होंगे। पीजी कोर्सों में बिना लेट फीस के साथ 25 अप्रैल तक और लेट फीस के साथ 30 अप्रैल तक आवेदन होंगे। एक मई को एडमिट कार्ड जारी होंगे, जबकि एंट्रेंस एग्जाम 20 मई से 30 मई के बीच में होंगे। वहीं, बीपीएड, एमपीएड और एमएड में आवेदन प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होकर 15 मई तक चलेगी। लेट फीस के साथ 20 मई तक आवेदन का मौका रहेगा। वहीं, 25 मई को एडमिट कार्ड और एंट्रेंस एग्जाम 3 जून से 15 जून के बीच होंगे।

ये होगी ओवदन फीस

कोर्स	सामान्य कैटिगरी	एससी-एसटी कैटिगरी
यूजी	₹800	₹400
पीजी	₹1000	₹500
यूजी मैनेजमेंट	₹1000	₹500
बीएलएड	₹1600	₹800
बीपीएड-एमपीएड	₹1600	₹800
एमएड	₹1600	₹800
सर्टिफिकेट कोर्स	₹500	₹500

नोट: निर्धारित डेट के बाद 1000 रुपये लेट फीस देना होगा। हालांकि, सर्टिफिकेट कोर्सों में यह लागू नहीं होगा।

एलयू में स्काइप से होगा पीएचडी स्कॉलर का वाइवा

■ एनबीटी, लखनऊ: कोरोना के खतरे के बीच एलयू ने पहली बार विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएचडी स्कॉलर का वाइवा करवाने का फैसला किया है। भौतिक विज्ञान विभाग में 16 मार्च को स्काइप से पीएचडी स्कॉलर का वाइवा होगा।

परीक्षक ने आने से किया इनकार, 16 को होना है वाइवा

भौतिक विज्ञान विभाग की हेड पूनम टंडन ने बताया कि मुंबई के इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल एंड रिसर्च के प्रो. श्रीगणेश प्रभु को स्कॉलर कर्णिका श्रीवास्तव का वाइवा लेने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कोरोना के खतरे को देखते हुए यात्रा से इनकार कर दिया है। इस पर कुलपति आलोक कुमार राय और कुलसचिव विनोद कुमार सिंह को जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाइवा करवाने को कहा है।

ई-मेल से चेक होगी थीसिस

एलयू में अब थीसिस भी ई-मेल के जरिए जांची जाएगी। बीते दिनों स्टूडेंट्स ने वीसी से मिलकर बताया था कि थीसिस चेक करवाने में काफी रकम और समय बर्बाद होता है। स्टूडेंट्स ने ही ई-मेल से थीसिस चेक करवाने का सुझाव दिया था। इसके बाद फैसला लिया गया है।

सेंचुरी वॉक भी निरस्त - लविवि के शताब्दी वर्ष पर होने वाली सेंचुरी वॉक भी निरस्त कर दी गई है। वीसी प्रो. आलोक राय ने शुक्रवार को बताया कि वॉक और मास्टर शेफ प्रतियोगिता निरस्त कर दी गई है।